ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

महापंडित राहुल सांकृत्यायन केन्द्रीय पुस्तकालय मार्गदर्शिका

(A guide to central library)

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की धुरी केन्द्रीय पुस्तकालय है जो शैक्षणिक, गैरशैक्षणिक, विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों की शैक्षणिक एवं शोध आवश्यकताओं को पूरा करता हैं।

पुस्तकालय संग्रह (Library Collection)

केन्द्रीय पुस्तकालय में कुल 110319 पुस्तकें उपलब्ध हैं। जिसके दर्शनशास्त्र, धर्म, समाजिक विज्ञान, भाषा विज्ञान, विज्ञान, तकनीकी, चित्रकला, नाटयकला, साहित्य, डायस्पोरा, मानवविज्ञान, अपराध विज्ञान, इतिहास आदि पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही अध्ययन–अध्यापन हेतु केन्द्रीय पुस्तकालय से विभागीय पुस्तकालय में पुस्तकें भेजी जाती हैं।

पुस्तकालय द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ

सन्दर्भ सेवा (Reference Service)

सन्दर्भ सेवा विभाग पुस्तकालय में स्थित हैं, जहां सभी प्रकार के सन्दर्भ ग्रन्थ जैसे : विश्वकोश (Encyclopeadias), शब्दकोश (Dictionaries), ग्रंथसूचियाँ (Bibliographies), वार्षिकियाँ (Year books), निर्देशिकाएँ (Directories), विवरणिकाएँ (Hand books, Almanacs), गजेटियर्स (Gazetteers), एटलस (Atales), नक्शे (Maps), बहुखण्डीय पुस्तकें, ग्रन्थमाला (Series), पुस्तकें व्यवस्थित हैं सन्दर्भ ग्रन्थ ढूंढने, उपयोग करने तथा वांछित जानकारी प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर सन्दर्भ सहायक से अवश्य सम्पर्क करें। तात्कालिक सन्दर्भ स्रोत (Ready Reference Tools) सन्दर्भ सहायक के पास उपलब्ध है।

रेप्रोग्राफिक सेवाएँ (Reprography Services)

कानूनन जिन पुस्तकों की फोटो कॉपी करायी जा सकती है वे फोटो कॉपी के लिए उपलब्ध हो सकेंगी। किंतु मूल्यवान, विशाल आकार, लघुशोध प्रबन्ध शोध प्रबन्ध एवं दुर्लभ ग्रन्थ की फोटोकॉपी नहीं की जा सकेगी।

ई-रिसोर्स सर्विस (E-Resource Service),

जिसमें UGC Infonet द्वारा ई जर्नल्स उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिसे www.hindiviswa.org पर जाकर निम्न ई जर्नल्स की लिंक देखा जा सकता है।

> economic & Political Weekly.

> e-journal (JSTOR)

> e-journal (ALUKA)

> e-journal (Springer Link)

> e-journal (JCCC)

पत्र-पत्रिकाएँ

केन्द्रीय पुस्तकालय में लगभग 78 पत्रिकाएँ मंगाई जा रही है। साथ ही केन्द्रीय पुस्तकालय मे 9 समाचार पत्र प्रतिदिन आ रहे हैं।

पुस्तकों का व्यवस्थापन (Arrangement of Books)

पुस्तकालय में खुली पहुँच प्रणाली (Open access system) है जिसमें पाठक स्वयं शेल्फ पर जाकर अपनी पुस्तक का चयन कर सकता है। पुस्तकें शेल्फों पर दशमलव वर्गीकरण प्रणाली (Dewey Decimal classification) के आधार पर व्यवस्थित हैं। संग्रह कक्ष में पूर्ण ज्ञान भण्डार को 000 से लेकर 999 तक विषयवार वर्गीकृत किया गया है।

प्रमुख विषयों के वर्गीकृत क्रमांक (Classification Number) निम्नानुसार है जो दशमलव वर्गीकरण प्रणाली पर आधारित है।

000	जेनरलिटीज (Generalities)
100	दर्शन शास्त्र (Philosophy)
200	धर्म (Religion)
300	सामाजिक विज्ञान (Social Science)
400	भाषा विज्ञान (Language)
500	विज्ञान (Pure Sciences)
600	तकनीकी (Technology)
700	चित्रकला (Fine Arts)
800	साहित्य (Literature)
900	इतिहास (History & General Geography)
	पाठ्य पुस्तकें (Text books)

पुस्तकालय कम्प्यूटरीकरण

ओपेक OPAC (Online Public Access Catalogue) केन्द्रीय पुस्तकालय एवं समस्त विभागीय पुस्तकालय की सभी पाठ्य सामग्री का कम्प्यूटरीकृत ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस केटलॉग (OPAC) लोकल एरिया नेटवर्क पर जल्द ही प्रारम्भ किया जा रहा है। जिसे आप केन्द्रीय पुस्तकालय के साथ–साथ अन्य विभागीय पुस्तकालयों से भी देख (access) सकेंगें।

पारंपरिक पुस्तकालय के साथ डिजिटल पुस्तकालय का विकास भी विश्वविद्यालय योजना का अंग है।

पुस्तकालय के नियम

केन्द्रीय पुस्ताकलय में मुक्त द्वार प्रणाली (Open Access System) उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय में चल रहे पाठय क्रम हेतु विद्यार्थियों को निम्नप्रकार से पुस्तकें निर्गत की जाती हैं।

पाठय क्रम	निर्गत पुस्तकों की संख्या
M. A.	10
M.Phil.	12
Ph.D.	12

केन्द्रीय पुस्तकालय पूरे सप्ताह (सोमवार से रविवार तक) खुला रहता है। साथ ही पुस्तकों का आगत–निर्गत का समय सुबह 10.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक होता है।

पुस्तकालय से पुस्तकें 15 दिन के लिये निर्गत (Issue) की जाती हैं। यदि निर्धारित तिथि तक पुस्तकें वापिस नहीं आतीं तो 50 पैसे प्रतिदिन विलंब शुल्क लिया जायेगा।

प्रत्येक विद्यार्थी को केन्द्रीय पुस्तकालय से एक पुस्तकालय सदस्य कार्ड (B.T. Card) निर्गत किया जाता है। साथ ही वाचन कक्ष (Reading Room) हेतु एक वाचन कार्ड (Reading Card) दिया जाता है।

मूल पुस्तकालय सदस्य कार्ड (B. T. Card) तथा वाचन कक्ष (Reading Room) गुम होने पर 10 रू शुल्क भरकर पुनः दूसरा कार्ड निर्गत किया जाएगा।

छात्र, छात्राओं तथा शोधार्थिओं को पुस्तकालय में परिचय–पत्र लाना अनिवार्य है।

पुस्तकालय में आते समय अपना सामान बैग–छाता आदि प्रॉपर्टी काउन्टर पर जमा कर टोकन लेकर पुस्तकालय में प्रवेश करें।

आप पुस्तकालय को अच्छी तरह से जाने और अधिकतम उपयोग करें इस हेतु यद्यपि हमने सभी आवश्यक जानकारी दी है, इसके अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर पुस्तकालय स्टाफ से मदद लेने में कदाचित संकोच न करें। हम सभी सहयोग के लिए तत्पर हैं।

संपर्क

फोन नं. 07152 - 248007, 254752 फॅक्स 07152-230903

ई–मेल : cl@hindivishwa.org